52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 17.8 °c
अधिकतम 32.3 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:19 सूर्यास्त : 5:50 | वर्ष : 52/ अंक : 284 | रविवार, 13 अक्टूबर 2024 | अश्विन, शुक्ल पक्ष, एकादशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**अमृतवाणी**

जिस तरह समुंद्र के पानी को सुखाया नहीं जा सकता है, उसी तरह ज्ञानी व्यक्ति को भी नहीं हराया जा सकता।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

जो बुद्धिजीवी हैं, उन्हें पीएम मोदी अर्बन नक्सल कहते हैं : खड़गे



और...बुद्धिहीन बुद्धिजीवियों... को पीएम क्या कहते हैं?........

# अहंकार के प्रतीक रावण परिवार के पुतला दहन में पूरे शहर में उमड़ा जन सैलाब

▸ सबसे बड़ा रावण दहन का कार्यक्रम नुमाइश मैदान, गांधी कॉलोनी, रामलीला टिल्ला, पटेल नगर, कच्ची सड़क, रामपुरी में हुआ सम्पन्न ▸ पूर्व मंत्री संजीव बालियान, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी अभिषेक सिंह, बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा नेता गौरव स्वरुप, उद्यमी भीम कंसल व सतीश चन्द गोयल ने रावण दहन के विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में रहे





**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व दशहरा जनपद भर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न रामलीलाओं में भारी भीड़ के अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए इतिहास रचा। सर्वाधिक भीड़ नुमाइश मैदान में देखने को मिली, उसके बाद गांधी कॉलोनी, पटेल नगर, कच्ची सड़क, रामलीला ग्राउंड नई मण्डी के मैदान भीड़ से खचाखच भरे दिखाई दिये। नुमाइश मैदान में 60 फुट का रावण मुंह से आग उगलता हुआ आकर्षण का केन्द्र रहा वहीं गांधी कॉलोनी, पटेल नगर, कच्ची सड़क, एटूजेड कॉलोनी में भी अलग अलग तरह की आवाजें निकालते रावण, कुम्भकर्ण एवं मेघनाद के पुतले नन्हें बच्चों से लेकर बड़ों तक आकर्षण का विषय रहे।

इस दौरान जनपदभर में सिर्फ बड़े मैदानों में ही नहीं बल्कि छोटे-छोटे मैदानों व गलियों में सैंकड़ों स्थानों पर अच्छाई पर बुराई के प्रतीक रहे रावण, कुंभकरण, मेघनाथ के साथ आतंकवाद व भ्रष्टाचार के पुतले का दहन किया गया। पुतला दहन देखने के लिए नुमाईश कैंप मैदान समेत रामलीला मैदानों में भारी भीड़ जमा रही। पुलिस की निगरानी में संपन्न हुए कार्यक्रमों में रामलीला मैदानों के साथ आसपास के मकानों की छतों पर भी भारी भीड़ चढ़ गई, जिसे लेकर पुलिस-प्रशासन की इस बीच सांसे अटकी रही। देर सायं जिले में रावण दहन कार्यक्रम के संपन्न होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। सुमधुर संगीत के साथ तमाम रामलीला मैदानों में रामादल की ओर से गूंजे पापियों के नाश को, धर्म के प्रकाश को, श्रीरामजी की सेना चली, हर-हर महादेव, हर हर महादेव और जय श्री राम के जयघोष के इसके साथ जिले में दशहरा मेलों की धूमधाम के बीच असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक रहा विजयदशमी पर्व धूमधाम से मन गया। इन मेलों में लोगों की भारी भीड़ की मौजूदगी में रामलीलाओं के मंचन के साथ अहंकारी रावण तथा उसके परिजनों के पुतलों एक के बाद एक भगवान श्रीराम ने अग्निबाण के साथ स्वाहा होते रहे। उधर, पुतलों में आग लगी, तो जय श्रीराम के जयघोष के साथ पूरा आकाश गुंजायमान हो गया। पूर्व वर्षो की भांति इस बार भी सबसे बड़ा मेला मेरठ रोड के नुमाइश मैदान का रहा, जहां इस बार भी डिजीटल लाइटों से जगमगाते रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले आकर्षण के केंद्र में रहे। ऐसे में यहां रावण के मुंह से करीब 45 मीटर तक धुआं व आग उगलना आकर्षण का केंद्र रहा, वहीं पुतला अट्टाहस करते हुए धमाकों के साथ अग्नि को समर्पित हुआ तो हर कोई सहम गया, पर फिर इस अट्टाहस ने लोगों को खूब रोमांचित किया। इसके अलावा गांधी कालोनी, आदर्श रामलीला पटेलनगर, नई मंडी रामलीला मैदान, रामलीला टील्ला, रामपुरी और इंदिरा कालोनी में मुख्य रूप से रावण दहन लीला ने सभी को हर्षित किया।






## आकर्षण का केन्द्र रहे 9 फुट के महाबलि हनुमान

**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** नुमाइश मैदान में रावण दहन के दौरान सर्वाधिक आकर्षण का केन्द्र 9 फुट के महाबलि हनुमान रहे। सभी हनुमान का रूप लिये कलाकार के साथ सेल्फी लेते देखे गए। छोटे बच्चों से लेकर नगर चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने भी उनके साथ सेल्फी ली। उक्त हनुमानरूपी कलाकार पूरे नुमाइश ग्राउंड में भक्तों के पास घूमते देखे गए और सभी ने उनके हाथ जोड़कर प्रणाम किया और उनके साथ सेल्फी लेने में खुशी व्यक्त की।

## ...जब रावण की अस्थियों को लेने दौड़े श्रद्धालु, मची भगदड़

**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)। विजयदशमी पर्व पर नगर मुख्यालय से गांव-देहात तक संपन्न हुए कार्यक्रमों में क्षमता से अधिक पहुंची भीड़ ने तमाम रिकार्ड ध्वस्त कर दिए। हालांकि सुरक्षा कारणों से रामलीला मंचन के बाद रावण दहन की व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन के साथ रामलीला कमेटी प्रबंधन ने तमाम व्यवस्थाएं कर रखी थी, लेकिन जैसे ही रावण के पुतले में आग लगी तो कुछ देर के लिए श्रद्धालु जय श्रीराम के जयघोष लगाने लगे, जिससे रामलीला के यह मैदान राममय दिखाई देने लगे। इस बीच कुछ देर के बाद जब रावण का पुतला धूं-धूंकर जलने के बाद धराशाई हुआ तो रावण की अस्थियां यानि खप्पच लेने के लिए युवाओं के साथ ही बड़ी संख्या में अन्य लोग मैदान की ओर दौड़ पड़े, जिससे यहां मैदान में व्यवस्था में लगे लोगों के हाथ-पांव फूल गए। घंटों से की गई व्यवस्था रावण के उक्त अवशेषों को पाने के लिए कुछ ही पलों में ध्वस्त हो गई। बता दें, पौराणिक मान्यता है कि रावण के पुतले की खप्पच घर में रखने से भूतप्रेत आदि का प्रभाव खत्म हो जाता है। ऐसे में हर वर्ष रावण दहन के बाद बड़ी संख्या में लोगों द्वारा इन अवशेषों को लेकर प्रायः मारामारी रहती है।**




## देर रात अनियंत्रित वाहन की चपेट में आकर 22 वर्षीय युवक की मौत



**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** देर रात मुजफ्फरनगर की बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से 22 वर्षीय सोहेल पुत्र सलीम की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

## प्रधानमंत्री मोदी भी शामिल होंगे सैनी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में

**चंडीगढ़, 12 अक्टूबर (वार्ता)** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आगामी 17 अक्टूबर को प्रदेश सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल होंगे। श्री सैनी ने शनिवार को जिला कुरुक्षेत्र में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के मार्गदर्शन में पिछले 10 वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने हर वर्ग के हित के लिए कार्य किया है। धरातल पर सरकारी योजनाओं को लागू करते हुए पात्र लाभार्थियों को इसका सीधा लाभ पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने विपक्षी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि वे भ्रष्टाचार में फसे हुए हैं। उन्होंने हिमाचल, कर्नाटक और तेलंगाना में झूठ फैलाकर सत्ता हथियाने का काम किया है, जनता अब समझ चुकी है और लोगों का उन पर से विश्वास उठ चुका है।

## बदरीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को होंगे बंद

**चमोली 12 अक्टूबर (वार्ता)** उत्तराखंड स्थित हिंदुओं के प्रसिद्ध धाम श्री बदरीनाथ धाम के कपाट इस वर्ष शीतकाल में 17 नवंबर रात्रि को नौ बजकर सात मिनट पर बंद कर दिए जाएंगे। विजय दशमी/दशहरे के पर्व पर शनिवार को बदरीनाथ धाम में कपाट बंद होने का मूहुर्त निकाला गया। श्री बदरीनाथ धाम मंदिर परिसर मे अयोजित एक समारोह में पंचाग गणना पश्चात कपाट बंद होने की तिथी निकाली गई। दोपहर साढ़े ग्यारह बजे से शुरू हुए कार्यक्रम मे बद्रीनाथ धाम के रावल अमरनाथ नंबूदरी, बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट ने पंचांग गणना के अनुसार कपाट बंद होने की तिथि तय हुई। समारोह में अगले यात्रा काल की भंडार व्यवस्थाओं हेतु कमदी, भंडारी, मेहता थोक के हक-हकूकधारियों को मंदिर समिति द्वारा भंडार व्यवस्था की जिम्मेदारी हेतु सम्मान स्वरूप पगड़ी भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

## विजयादशमी पर गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी ने की पूजा-अर्चना

**गोरखपुर 12 अक्टूबर (वार्ता)** गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में विजयादशमी महोत्सव शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में श्रीनाथजी को समर्पित पवित्र पूजा समारोह के साथ शुरू हुआ। गोरक्षपीठाधीश्वर की भूमिका में मुख्यमंत्री ने नाथ संप्रदाय की पारंपरिक वेशभूषा में अनुष्ठान का नेतृत्व किया। उन्होंने नाथ संप्रदाय की प्राचीन परंपराओं का पालन करते हुए जनकल्याण के लिए प्रार्थना की। श्रीनाथजी को श्रद्धांजलि देने के बाद योगी ने मंदिर में स्थापित सभी देवताओं की मूर्तियों की विशेष पूजा की। सुबह के अनुष्ठान की शुरुआत मंदिर के शक्तिपीठ में मां जगतजननी की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया, जहां उन्होंने महायोगी गोरखनाथ को प्रणाम किया और आरती की।






## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 13 अक्टूबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1713-चार्ल्स मेसरी ने वर्लपूल गैलेक्सी की खोज की। 1716-हंगरी के सम्राट कैरेल 6 के सैनिकों ने टेमेसेवर पर कब्जा किया। 1760-रूस और आस्ट्रिया की सेना जर्मनी की राजधानी बर्लिन से हटी। 1773-चार्ल्स मेसियर ने व्हर्लपूल गैलेक्सी की खोज की। 1792 - अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस की नींव रखी गई। 1807-भूवैज्ञानिक सोसाइटी ऑफ लंदन की स्थापना। 1884-ग्रीनविच मीन टाइम को दुनिया का मानक समय निर्धारित किया गया। 1895-भारतीय क्रिकेट टीम के पहले टेस्ट कप्तान सी. के. नायडू का जन्म। 1911-स्वामी विवेकानंद की शिष्या मागेरेट एलिजाबेथ नोबेल का 43 वर्ष की आयु में निधन। वह सिस्टर निवेदिता के नाम से प्रसिद्ध हैं। 1914-गैरेट मोर्गन ने गैस मास्क की खोज की और उसका पेंटेट कराया। 1919-एरियल नेविगेशन ने विनियमन से संबंधित कन्वेंशन पर हस्ताक्षर किए। 1923-मुस्तफा कमाल पाशा की सरकार ने इस्तांबुल की जगह अंकारा को तुर्की की नई राजधानी बनाया। 1943-इटली ने जर्मनी के पूर्व मित्र राष्ट्रों के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की। 1948-सूफी और कव्वाली के प्रसिद्ध गायक नुसरत फतेह अली खां का जन्म। 1976-बोलीविया में बोइंग जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिसमें करीब 100 लोग मारे गये। 1987-मशहूर पार्श्व गायक, अभिनेता एवं निमार्ता-निर्देशक किशोर कुमार का निधन। 1988-अमेरिका ने नेवाडा में परमाणु परीक्षण किया। 1999-अटल बिहारी वाजपेयी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने। 1999-अमेरिका के सीनेट ने व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) के अनुमोदन को खारिज किया। 2000-दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति किम दाई जुंग को शांति का नोबेल पुरस्कार। 2001-नाइजीरिया में अमेरिका विरोधी प्रदर्शन के दौरान भड़की साम्प्रदायिक हिंसा में लगभग 200 व्यक्ति मारे गये। 2002-इंडोनेशिया के बाली नाइट क्लब में हुए भीषण विस्फोट में 200 लोग मारे गये। 2004-चीन ने ताइवान की शांति पहल ठुकराई। 2005-जर्मन प्रख्यात नाटककार हेराल्ड पिंटर को वर्ष 2005 के साहित्य का नोबल पुरस्कार देने की घोषणा। 2006-बंगलादेश के युनुस और उनके द्वारा स्थापित ग्रामीण बैंक को नोबेल पुरस्कार। 2011-सर्वोच्च न्यायालय ने सितंबर, 2005 के बाद से बिना वसीयतनामा वाले हिंदू परिवारों की पैतृक संपत्ति में महिला या लड़की को पुरुष सदस्य के बराबर हिस्सा देने का निर्णय दिया। 2013-मध्य प्रदेश के दतिया में भगदड़ से 109 लोगों की मौत हुई।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 77900 | चांदी- | 91900 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 58280 |

## आपका आज का राशिफल

**रविवार, 10 अक्टूबर, 2024**

**मेष-** परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना के शुरूआत हेतु विचार-विमर्श, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आपसी वैमनस्यता में कमी, भौतिक सुख के साधन उपलब्ध।

**वृषभ-** आर्थिक व्यवसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, प्रेमसम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

**मिथुन-** आज दिन 3/44 बजे तक समय प्रतिकूल, भाग्य में न्यूनता, किसी मुद्दे पर तनाव, आत्मीयजनों से कष्ट, शेष समय में कठिनाइयों का निवारण, सुयश की प्राप्ति।

**कर्क-** आज दिन 3/44 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, सफलता का सुयोग, कर्ज की निवृत्ति, ज्ञान-विज्ञान में रुचि, शेष समय में कार्यों में अड़चनें, यात्रा विफल।

**सिंह-** विचाराधीन योजना का कार्यरूप में परिणित, सामाजिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, मानसिक शान्ति, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, वैमनस्यता का समापन।

**कन्या-** स्वास्थ्य सुधार पर, पुराने विवाद का हल पक्ष में, परिवार में उल्लासमय वातावरण, नौकरी में पदोन्नति, राजनैतिक लाभ का प्रयास सार्थक, आवागमन।

**तुला-** आज दिन 3/44 बजे तक निराशा, आरोग्य सुख में कमी, उलझनें, दुर्जनों से कष्ट, शेष समय योजना की पूर्ति के लिए बेहतर, आर्थिक उन्नति, आत्मिक शांति।

**वृश्चिक-** आज दिन 3/44 बजे तक सफलता, व्यापार में धन निवेश, स्वनिर्णय हितकर, यात्रा का प्रसंग, शेष समय में परेशानी, अपेक्षित सहयोग अभाव, लाभ।

**धनु-** कार्य व्यवसाय में परिश्रम के अनुरूप सफलता, परोपकार की भावना जागृत, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, दाम्पत्य जीवन मधुर, सुसमाचार की प्राप्ति से खुशी।

**मकर-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि।

**कुम्भ-** आज दिन 3/44 बजे तक समस्याएं प्रभावी, जोखिम से नुकसान, आत्मीयजनों से कटुता, शेष समय में धार्मिक कार्य प्रगति पर, नवसम्पर्क का सुयोग, यात्रा।

**मीन-** आज दिन 3/44 तक दिनचर्या व्यवस्थित, अधूरे कार्य पूर्णता की ओर, अकल्पित लाभ, शेष समय विपरीत, योजना पूर्ति में विलम्ब, विश्वासघात की आशंका।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

**सोने की लंका में छाया अंधकार...** जनपद में धूमधाम से मनाया गया विजय दशमी पर्व, रावण दहन पर सूर्यवंशी रघुवर श्री राम की चहुंओर हुई जय जयकार

# अहंकार की ज्वाला में कुंभकर्ण-मेघनाद संग जलकर भस्म हो गया लंकापति रावण

## मेघनाद का शीश लेकर सुलोचना हुई सती, लंका में शोक

### श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर में राम और रावण के बीच हुआ घनघोर युद्ध, श्रीराम ने चलाया अग्निबाण, रावण दहन ने पैदा किया रोमांच

**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर द्वारा आयोजित 49वें रामलीला महोत्सव के 12वें दिन शुक्रवार की रात्रि में संजीवनी बूटी से लक्ष्मण के होश में आने के बाद वह मेघनाद को युद्ध के लिए ललकारते हैं। दोनों योद्धाओं में भयंकर युद्ध होता है। आखिरकार लक्ष्मण लंकापति रावण के महाबलशाली पुत्र मेघनाद का वध कर देते हैं। पटेलनगर में 12वें दिन की लीला का शुभारंभ भगवान श्री गणेश की आरती और पूजन के साथ हुआ। अतिथि के रूप में आये गौरव बंसल भिवाड़ी, विनय कुमार टिंकू, ललित माहेश्वरी और अनिल गोयल का कमेटी के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन और अन्य पदाधिकारियों ने पटका पहनाकर उनका स्वागत किया और स्मृति चिन्ह व मिष्ठान देकर उनको सम्मानित किया गया। अतिथियों ने श्री रामायण की आरती के बाद दीप प्रज्जवलित कर लीला को आरंभ किया। रामलीला में दिखाया गया कि संजीवनी बूटी से जीवित हुए लक्ष्मण फिर से सेना लेकर मेघनाद को ललकारते हैं। इन्द्रजीत मेघनाद का वध कर देते हैं और उसका शीश काटकर भगवान श्री राम को प्रस्तुत कर देते हैं। मेघनाद की मौत की खबर सुनकर लंकेश रावण



व्यथित और व्याकुल हो उठता है। वहीं मेघनाद की पत्नी नागराज कन्या सुलोचना अपने पति की मृत्यु पर विलाप करती है और पति का शीश लेने रामा दल में पहुंचती है। सुलोचना अपने पति के शीश के साथ सती हो जाती है। सवेरे पटेलनगर लीला मंच पर दशहरा पूजन हुआ। इसमें मुख्य यजमान के रूप में अरूणा शुगर के मालिक उद्योगपति अभिषेक सिंघल उपस्थित रहे। पूजन के साथ ही रावण दहन की तैयारी शुरू हो गई थी। शाम के दशहरा कार्यक्रम और रावण दहन लीला में मुख्य अतिथि यूपी सरकार के व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के अलावा उद्योगपति भीम सैन कंसल आदि मौजूद रहे। भगवान श्रीराम ने युद्ध के बाद रावण के विशाल पुतले को अग्निबाण मारकर दहन किया तो चारों ओर जय श्रीराम के जयघोष के साथ ही हर्ष एवं उल्लास छा गया। इस दौरान श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन, कार्यक्रम संयोजक सभासद विकल्प जैन, अध्यक्ष गोपाल चौधरी, महामंत्री सुरेंद्र मंगल, मंत्री जितेंद्र कुच्छल, उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, पंकज शर्मा, निर्देशक अमित शर्मा, गोविंद शर्मा, नारायण ऐरन के अलावा ज्योति ऐरन, मीना ऐरन, जितेंद्र नामदेव, विनय गुप्ता टिंकू, पीयूष शर्मा, राकेश मित्तल, अंशुल गुप्ता, विपुल मोहन, अज्जू जैन, आकाश गोयल, गौरव मित्तल, अमर चौधरी, दीपक लाला, भगवती और सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

## मीरापुर में मना विजय दशमी पर्व, रावण व मेघनाथ के पुतलों के दहन होने के साथ असत्य पर सत्य की हुई विजय



**मीरापुर, 12 अक्टूबर (बु.)।** मीरापुर क्षेत्र में बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजयदशमी पर्व परंपरागत तरीके से धूमधाम से मनाया गया, रामलीला मैदान में श्री राम व रावण के युद्ध के बाद रावण व मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। इससे पूर्व लोगों ने घरों में दशहरा पूजन के दौरान शस्त्र पूजन किया। मीरापुर क्षेत्र में दशहरा पर्व परंपरागत तरीके से धूमधाम से मनाते हुए सर्व प्रथम घरों में दशहरा पूजन किया। इस दौरान लोगों ने पूरे परिवार के साथ श्री राम का पूजन किया साथ ही शस्त्र पूजन किया। इसके बाद शाम को रामलीला मैदान में रामलीला समिति के तत्वाधान में कलाकारों द्वारा श्री राम व रावण के बीच युद्ध की लीला का मंचन किया गया। भगवान श्री राम के हाथों रावण का वध का मंचन किया गया। रावण के वध के साथ ही बुराई पर अच्छाई की जीत हुई।इसके बाद रावण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। इससे भगवान श्री राम की आरती की गयी। इस दौरान व्यवस्था बनाने में भारी पुलिसबल व रामलीला समिति के अध्यक्ष दीपक गोयल, रोहित माहेश्वरी, गौरव भटनागर, अनिरुद्ध गोयल, पार्थ गोयल, सुभाष कुमार, शिवकुमार, रजनीश गंगपुरी, उज्जवल अग्रवाल, प्रधुम्न शर्मा, विवेक वर्मा, सुनील भटनागर, टीटू शर्मा, सचिन सिंह, पंकज खत्री, आयुष शर्मा, देवेन्द्र ठाकुर, मनोज मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### बुढ़ाना में रावण के पुतले का दहन

**बुढ़ाना, 12 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे में हर साल ऐतिहासिक रामलीला होती है। जिसमें हर दिन अलग अलग प्रोग्राम किए जाते हैं। कस्बे में बीते वर्षों की तरह इस वर्ष भी दशहरा पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। रावण के पुतले को राम व रावण के युद्ध करने के बाद दहन किया गया। कस्बे के चांदनी वाला मंदिर के बाहर रामलीला ग्राउंड में राम व रावण के युद्ध के बाद रावण का पुतला दहन हुआ। कस्बे में विजयदशमी पर बुराई के प्रतीक रावण का पुतला फूंका गया। रामलीला मैदान में राम लक्ष्मण का श्री रामलीला कमेटी बुढ़ाना के पदाधिकारियों व सदस्यों ने तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके बाद काफी देर राम और लक्ष्मण का रावण से युद्ध हुआ। जिसमें रावण को हार देखनी पडी। फिर रावण के पुतले को आग दी गयी। रावण दहन को देखने के लिए कस्बे ही नहीं आसपास के इलाके के लोग भी आए। पुलिस और प्रशासन भी भारी भीड़ को संभालने के लिए मुस्तैद दिखा, जिसमें बुढाना एसडीएम राजकुमार भारती, सीओ गजेंद्र पाल सिंह, बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र और कस्बा इंचार्ज ललित कुमार कसाना सुरक्षा व्यवस्था बनाने में लगे रहे।

## रामबाण लगते ही बुराई रूपी रावण हुआ राख

**चरथावल, 12 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे में असत्य पर सत्य की एवं बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजय दशमी का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राम का तीर लगते ही बुराई का रावण धूं-धूं कर जल उठा। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह पुलिस फोर्स के साथ तैनात रहे। चरथावल कस्बे में रोहाना तिराहे पर स्थित रामलीला मैदान पर श्रीराम की सेना का मुकाबला रावण की सेना से भंयकर रूप से हुआ। श्रीराम ने रावण की सेना के सैनिकों का संहार





करके मेघनाथ, कुम्भकर्ण और अन्त में रावण का वध करके असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई की विजय प्राप्त की और रावण मेघनाथ के पुतलो को फूंका। रामलीला कमैटी द्वारा श्रीराम की जीत पर नगर के मुख्य मार्गो से विजयी जलूस निकाला गया। भगवान श्री राम के विजयी जुलूस का श्रद्धालुओं ने फूल मालाओं से भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान जी का भव्य स्वागत किया गया तथा रावण के वध के बाद श्रीराम ने विभीषण को लंका का राज्य सौंपा। उसके बाद नगर में श्रीराम भरत मिलाप का मार्मिक दृश्य देख दर्शक भावविभोर हो गये।

## रामबाण लगते ही धूं-धूं कर जला अहंकारी रावण का पुतला

**जानसठ, 12 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे के दशहरा मेला मैदान पर प्राचीन रामलीला समिति मोहल्ला मिश्रान के सौजन्य से दशहरा मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रावण मेघनाथ कुंभकरण के पुतलों का दहन श्रीराम और लक्ष्मण के द्वारा किया गया। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी कस्बे में असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा पारंपरिक तरीके एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दशहरा पर देवी विसर्जन के साथ रावण दहन किया गया, जहां श्रीराम-लक्ष्मण ने वानर सेना के साथ मिलकर रावण का वध कर उसका दहन किया। श्रीराम ने जैसे ही रावण की नाभि में बाण मारा वैसे ही दशानन का अहंकार धू-धू कर जल गया। रावण दहन के साथ ही पूरा परिसर जय श्रीराम के नारे से गुंजायमान हो गया। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए मौके पर



नगरपालिका का दमकल वाहन और पुलिस प्रशासन मौके मौजूद रहा। रावण दहन के बाद सभी ने एक दूसरे को विजयादशमी की बधाई दी। दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह श्रद्धालुओं ने विधिवत रूप से अयोध्या के राजा भगवान श्रीराम की पूजा की। साथ ही घर परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। इससे पूर्व दशहरे मेले का उद्घाटन पूर्व विधायक विक्रम सैनी के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष परवेन्द्र भड़ाना, रजनीश सैनी, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र सिंह, एंबिएंस अकैडमी के प्रबंधक भावेश गुप्ता, सुनील कश्यप रामधारी कश्यप, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, गौरव भटनागर दीपेश गुप्ता अंकित संगल, रेशू गोयल,

### धूमधाम से मना दशहरा पर्व, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का भी हुआ दहन, हुय श्री राम का जयघोष

सहन्सरपाल, ओमप्रकाश रहे। समिति के अध्यक्ष निशांत काम्बोज ने बताया कि इस वर्ष 124वीं बार रामलीला का मंचन हुआ है। प्रत्येक वर्ष दशहरा मेला मैदान पर रावण मेघनाथ कुंभकरण के पुतलों का दहन किया जाता है। समिति के संरक्षक वेद प्रकाश सैनी यशवंत काम्बोज, गोपाल सैनी, रतन सिंह राजपूत, रामावतार दीक्षित, उमाशंकर शर्मा, अश्वनी चौधरी, कोषाध्यक्ष सोनी कुमार गुर्जर, प्रदीप राणा, आशीष भारद्वाज, बलराज सैनी, सतीश खटीक, अशोक राजपूत शाहिद कमेटी के सदस्य और कलाकार मौजूद रहे।

## दुर्गाष्टमी पर नगर में धूमधाम से निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**चरथावल, 12 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे में दुर्गाष्टमी पर युवा शक्ति संगठन के तत्वावधान में बैंडबाजों के साथ कस्बे के विभिन्न मार्गो से शोभायात्रा निकाली गयी। वरिष्ठ समाजसेवी एवं रेनबो एकेडमी के प्रबन्धक अभिषेक बंसल ने फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया, वहीं समाजसेवी सुनील दत्त त्यागी ने मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से निकाली गई।

चरथावल कस्बे में स्थित देवी मन्दिर में शुक्रवार को मां दुर्गा की शोभायात्रा बैंडबाजों व सुंदर झांकियों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का कई स्थानों पर फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां आकर्षण का केन्द्र बनी रही।

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य विपिन त्यागी, पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंघल, सुनील त्यागी, बिजेंद्र त्यागी, दीपक त्यागी,नीटू त्यागी, अशोक वाल्मीकि, भाकियू नगर अध्यक्ष सौरभ त्यागी आदि का सहयोग रहा। दुर्गा अष्टमी शोभा यात्रा देवी मंदिर से शुरू होकर कस्बे के विभिन्न मार्गो से निकाली गई। शोभायात्रा में निकाली जा रही झांकियां देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर आदेश, आदित्य सिंघल, वासु गर्ग व विपुल गर्ग आदि मौजूद रहे।

## शाहपुर के दशहरा मेले में ऐतिहासिक भीड़ का रिकॉर्ड टूटा, सुरक्षा के रहे बेहतरीन इंतजाम

**शाहपुर, 12 अक्टूबर (बु.)।** शाहपुर में इस बार दशहरे के मेले में उमड़ी भीड़ ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले। हजारों क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने लंकापति रावण के पुतले को आग के हवाले कर निश्चर हीन करूं महि धरती के अपने संकल्प को पूरा किया। अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयदशमी परंपरागत ढंग से मनाया गया। दशहरे के मेले में शाम 5 बजकर 29 मिनट पर पूर्व विधायक उमेश मलिक ने रावण के भीमकाय पुतले को आग के हवाले किया, तो समस्त वातावरण जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा। इस अवसर पर अपने संबोधन में उमेश मलिक ने श्री आदर्श रामलीला कमेटी को भव्य आयोजन के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि आज का दशहरा मेला जनपद ही नहीं पश्चिम उत्तर प्रदेश का सबसे विशाल मेला है। नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। एस पी देहात, एसडीएम, तहसीलदार के साथ-साथ थाना प्रभारी कई थानों के पुलिस एवं पीएसी बल के साथ मेला स्थल पर मौजूद रहे। भगवान राम एवं रावण की सेनाओं के बीच महासंग्राम देख हजारों दर्शकगण रोमांचित हो गए। इसके बाद भगवान राम ने लंका पति रावण की सेनाओं के बीच घोर



संग्राम हुआ। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए श्री आदर्श रामलीला कमेटी के संरक्षक श्याम पाल संगल भाई जी ने कहा कि लड़ते-लड़ते जब चूर हुई, तब बोल उठी वानर सेना रघुकुल के तिलक दुहाई है, यह बोल उठी वानर सेना। भगवान राम उसका एक शीश काटते हैं, तो दूसरा उग आता है। प्रभु राम के शरणागत हुआ रावण का भाई विभीषण काफी छिपाने के बाद भी अपने भाई का ऐसा राज खोल देता है, जिससे उसकी मृत्यु सुनिश्चित हो जाती है। विभीषण भगवान राम को बताता है कि रावण की नाभि में अमृत है, जब तक इसे सुखाया नहीं जाएगा। तब तक उसे कोई नहीं मार सकता। तब भगवान राम रावण की नाभि में अग्निबाण छोड़ते हैं, जिससे उसके प्राण पखेरू जाते हैं। शाम 5:29 बजे लंकापति रावण के भीमकाय पुतले को भाजपा विधायक उमेश मलिक आग के हवाले करते हैं पुतला दहन के दौरान हुई आतिशबाजी ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समाजसेवी चौधरी चंद्रवीर सिंह सभासद विशाल गर्ग सभासद सभासद सोनू सैनी सभासद मनोज सैनी सभासद वकीला बेगम पूर्व सभासद उमेश गोयल, महबूब कुरेशी, भारतीय किसान यूनियन के नगर अध्यक्ष जुल्फिकार कुरैशी, विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर श्याम किशोर पंडित, शान मौहम्मद आतिशबाजी वाले, विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## मोहन भागवत ने चेताया, हिंदुओं को संगठित होने का दिया संदेश

**नई दिल्ली,12 अक्टूबर (एजेंसी)।** नागपुर में आरएसएस मुख्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने विजयादशमी के अवसर पर 'शस्त्र पूजा' की। आरएसएस प्रमुख ने समारोह को संबोधित भी किया और हिंदुओं को इकट्ठा होने का संदेश दिया। भागवत ने कोलकाता कांड, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा पर भी बात की।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि बांग्लादेश की घटना ने विश्व के हिंदू समाज को बता दिया की असंगठित और दुर्बल रहना अत्याचारों को निमंत्रण देता है। इसलिए हिंदुओं को संगठित और सशक्त होने की जरूरत है। मोहन भागवत ने आगे कहा कि विश्व भी शक्ति को ही स्वीकार करता है। परंतु कुछ शक्तियां जिनका निजी स्वार्थ प्रभावित होता है वह भारत को बलशाली होता देखना नहीं चाहती। ये सभी वे देश हैं जो विश्व शांति के लिए अपने आपको प्रतिबद्ध बताते हैं परंतु जब उनकी स्वयं की सुरक्षा और स्वार्थों का प्रश्न आता है तब दूसरे देशों पर आक्रमण करने या चुनी हुई सरकारों को अवैध या हिंसक तरीके से उलट देने से नहीं चुकते हैं। ये शक्तियां भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास करती रहती है।

भागवत ने संघ के स्थापना दिवस के शताब्दी वर्ष में पहुंचने की भी चर्चा की। फ्रर विजयादशमी पर हमेशा अपना स्थापना दिवस मनाता है। विजयादशी के दिन ही 1925 में डॉ. बलराम कृष्ण हेडगेवार ने इसकी शुरूआत की थी। भागवत ने कहा कि ये लोग जानते हैं कि भारत शक्तिशाली होगा तब विश्व में शांति और सौहार्द रहेगा और आरएसएस भारत को शक्तिशाली बनाने के प्रयास में पिछले 99 वर्षों से लगा है। कार्यक्रम का आयोजन रेशिमबाग स्थित मैदान में किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इसरो के पूर्व अध्यक्ष डाक्टर के राधाकृष्णन थे। लगभग 1.13 घंटे के अपने संबोधन में मोहन भागवत ने देश व विदेश के कई मुद्दों को उठाते हुए कई देशों पर बिना नाम लिए प्रहार भी किया। बांग्लादेश की घटना का उल्लेख करते हुए भागवत ने कहा कि कहा कि वहां हिंसक तख्ता पलट के जो भी कारण हो, परंतु हिंदू समाज पर अकारण नृशंस अत्याचार किए गए। उन अत्याचारों के विरोध में हिंदू समाज संगठित होकर घर से बाहर आया, इसलिए थोड़ा बचाव हुआ। परंतु वहां जब तक अत्याचारी कट्टरपंथी स्वभाव विद्यमान है तब तक हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यक समुदायों के सिर पर खतरे की तलवार लटकती रहेगी। मोहन भागवत ने कहा कि बांग्लादेश की घटना के बाद अवैध घुसपैठ से भारत में जनसंख्या असंतुलन उत्पन्न होता जा रहा है। यह भारत के लोगों के लिए गंभीर चिंता का विषय बनता है। देश में आपसी सद्भाव और सुरक्षा के लिए भी खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार तो हो ही रहे हैं।

### कच्ची सड़क इन्दिरा कालोनी की श्री शक्ति क्लब रामलीला

में शनिवार को अहंकारी रावण व मेघनाथ के पुतलों का रामलीला मंचन के बाद दहन किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व मंत्री डॉ. संजीव बालियान, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा नेता अरविन्द राज शर्मा, बिजेन्द्र गोयल, स. बलविंदर सिंह सल आदि ने भगवान श्रीराम का तिलक करने के साथ संपन्न कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्य रूप से बिजेन्द्र पाल, स. राजेन्द्र सिंह, संजीव दीक्षित, सतेन्द्र पंवार, नीरज शर्मा, डॉ. अमरीश त्यागी, पवन पाल, रवि कांत काका सभासद, राजीव अरोरा,



शिवकुमार पाल, अक्षय पाल, प्रणव शर्मा, नवनीत वर्मा आदि का सहयोग रहा।

### गांधी कालोनी एसडी गर्ल्स इंटर कॉलेज के मैदान

**में प्रारंभ हुई रामलीला में शहीद भगत सिंह सेवा दल की ओर से लगाए गए नि:शुल्क शीतल जल सेवा का शुभारंभ भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य एवं मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने किया। इस दौरान भाजपा नेता शरद शर्मा, सुनील सिंघल, राकेश ढिंगरा व मुकुल दुआ आदि मौजूद रहे। गांधी कालोनी के दशहरा मेले में संपन्न रामलीला मंचन के बाद में रावण दहन कार्यक्रम में रायल बुलेटिन संपादक अनिल रॉयल, रविश कुमार आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य मौजूद रहे।**





## गांव भूम्मा के यश पहलवान ने सालिम को पटखनी देकर जीती 31,00 रुपये की कुश्ती

### विजय दशमी के मौके पर आयोजित दंगल में दूरदराज के पहलवानों ने दिखाया दम

**मीरापुर, 12 अक्टूबर (बु.)।** विजयदशमी पर्व के अवसर पर मीरापुर के सनातन धर्म इंटर कॉलेज के मैदान में विशाल दंगल का आयोजन हुआ। इस दौरान विशाल दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। भूम्मा के यश पहलवान ने कैथोड़ा के सालिम पहलवान को हराकर इकत्तीस सौ रुपये की कुश्ती जीती।



विजयदशमी पर्व के अवसर पर मीरापुर के सनातन धर्म इंटर कॉलेज के मैदान में विशाल दंगल का आयोजन हुआ दशहरे के मेले में प्रत्येक वर्ष होने वाले विशाल दंगल में लोगों का भारी हुजूम दोपहर से जुट गया था। दंगल का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार ने अखाड़ा पूजन व विधिवत् पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर किया, जिसमें दूर दराज क्षेत्रों से आए पहलवानों ने अपना दमखम दिखाकर सबका मन मोह लिया। दंगल की मुख्य कुश्ती का मुकाबला भूम्मा अखाड़े के यश पहलवान व कैथोड़ा के सालिम पहलवान के बीच हुआ, जिसमें यश पहलवान ने सालिम कैथोड़ा को पटखनी देकर इकत्तीस सौ रुपये (3100) की ईनामी कुश्ती जीती। दंगल के आयोजक अंकुर भाटी ने बताया कि दंगल में मेरठ, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर के अलावा दिल्ली, पंजाब व हरियाणा समेत अन्य कई राज्यों के पहलवानों ने प्रतिभाग किया। आयोजकों ने विजेता पहलवान को 3100 रुपये का नकद पुरस्कार व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान व्यवस्था बनाने वालों में मुख्य रूप से अंकुर भाटी, प्रशान्त गुर्जर, अमित चौधरी, नरेशपाल राणा, कुलदीप चेयरमैन, मनोज, धर्मबीर प्रधान, दिनेश पहलवान, दिनेश प्रधान भूम्मा आदि शामिल रहे।

### पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा बने जामनगर राजघराने के उत्तराधिकारी



**नई दिल्ली,12 अक्टूबर (एजेंसी)।** गुजरात के जामनगर के राजपरिवार ने ऐतिहासिक फैसला करते हुए पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा को उत्तराधिकारी घोषित किया है। ये ऐलान जाम साहब शत्रुशल्य सिंह महाराज ने खुद किया है। जामनगर (गुजरात) के राजपरिवार ने ऐतिहासिक फैसला करते हुए पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा को राजघराने का उत्तराधिकारी नियुक्त किया है। जाम साहब शत्रुशल्य सिंह महाराज ने खुद अपने उत्तराधिकारी का ऐलान किया है। देश के लिए 196 वनडे इंटरनेशनल और 15 टेस्ट मैच खेल चुके 53 वर्षीय अजय जडेजा शाही परिवार के वंशज हैं। अजय जडेजा का जन्म 1971 में गुजरात के जामनगर राजघराने में हुआ था, जिसे उस दौरान नवानगर के नाम से जानते थे। अजय के पिता दौलत सिंह जडेजा शत्रुशल्य सिंह महाराज के चचेरे भाई हैं, जिन्होंने पत्र के माध्यम से ये एतिहासिक ऐलान किया है।

## नचिकेता स्कूल में मनाया गया दशहरे का पर्व



**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** नचिकेता स्कूल में दशहरे का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्यों व उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्रों द्वारा बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसी के साथ दशहरे के उपलक्ष्य में विद्यालय के छात्रों ने 'रामलीला' का सुंदर अभिनय प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया, जिसमें छात्रों ने राम जन्म, राम-सीता स्वयंवर ,सीता हरण, सीता की खोज, राम सेतु निर्माण व रावण वध का बहुत ही सुंदर अभिनय प्रस्तुत कर सभी को आह्लादित कर किया। विद्यालय प्रांगण जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में बुराई का प्रतीक रावण का पुतला भी जलाया गया और सभी को सत्य की जीत का संदेश दिया गया। विद्यालय के सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भी छात्रों को दशहरे के पर्व का महत्व समझाया।

अंत में विद्यालय की उप- प्रधानाचार्या जसबीर कौर व उप-प्रधानाचार्या (एडमिन) विक्की जैन ने सभी को दशहरे के पर्व की शुभकामनाएं दी और बताया कि दशहरे का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें असत्य पर सत्य की विजय की याद दिलाता है। हमें इस पर्व को प्यार व स्नेह के साथ मनाना चाहिए।



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## महाराष्ट्र में महाराजनैतिक द्वंद्व

महाराष्ट्र में पिछले पांच सालों ही से महाराजनैतिक द्वंद्व चल रहा है। अब विधानसभा चुनाव की आहट से यह द्वंद्व बढ़ने लगा है। महाराष्ट्र में महाराजनैतिक द्वंद्व का आरम्भ 2019 ही से हो गया था। 2019 में भाजपा और शिवसेना गठबंधन बनाकर चुनाव में गए उन्हें बहुमत मिला भी, लेकिन उद्धव ठाकरे की मुख्यमन्त्री बनने की चाह ने वह गठबंधन तोड़ दिया। उद्धव ठाकरे की चाह इतनी प्रबल थी कि वे अपने पिता की विचारधारा के विपरीत जाकर कांग्रेस और एनसीपी का सहारा लेकर मुख्यमन्त्री बन गए, यहीं से महाराष्ट्र में महाराजनैतिक नाटकीय घटनाक्रम आरम्भ हो गए। उद्धव मुख्यमन्त्री तो बने, मगर अपनी पार्टी के विधायकों को एक जुट नहीं रख पाए, उनकी पार्टी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में टूट गई। फिर अजित पवार ने चाचा शरद पवार की पार्टी को तोड़ दिया और सरकार में शामिल हो गए। इस महाराजनैतिक ड्रामेबाजी को जनता ने पसन्द नहीं किया। अब अजित पवार और शिंदे के बीच बहस को लेकर खबरें चल रही हैं, यानी महाराष्ट्र में महाराजनैतिक द्वंद्व पुन: आरम्भ हो गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमन्त्री शिंदे और अजित पवार के बीच बहस की वजह बारामती से कोई प्रस्ताव था, जिसे शरद पवार ने सीएम एकनाथ शिंदे को भेजा था। इससे कथित तौर पर उनके भतीजे अजित पवार नाराज हो गए और उन्होंने इसे मंजूरी देने से इनकार कर दिया। यह भी दावा किया जा रहा है कि मुख्यमन्त्री एकनाथ शिंदे ने विधानसभा चुनाव को लेकर कुछ सुझाव रखे, जिनसे अजित सहमत नहीं थे। इसे लेकर दोनों में नोक-झोंक हुई और फिर अजित मीटिंग छोड़कर चले गए। अजित बारामती सीट से विधायक हैं, उनके पास वित्त मंत्रालय का जिम्मा है। वे पहले भी कैबिनेट के प्रस्तावों पर आपत्ति जता चुके हैं। महाराष्ट्र में कभी भी विधानसभा चुनाव का ऐलान हो सकता है। ऐसे में इसे मौजूदा सरकार की आखिरी कैबिनेट मीटिंग के तौर पर देखा जा रहा है। बैठक में लिए गए कई अहम फैसले भी इसी ओर इशारा करते हैं। बैठक में महाराष्ट्र राज्य अनुसूचित जाति आयोग को वैधानिक दर्जा दिए जाने और मदरसों में शिक्षकों के वेतन में बढ़ोतरी जैसे कई निर्णय लिए गए। साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग की क्रीमी लेयर सीमा 8 लाख से बढ़ाकर 15 लाख रुपए करने का प्रस्ताव भी पास किया गया। इसके अलावा तीन नई निजी यूनिवर्सिटी को मंजूरी, अंतरराष्ट्रीय रोजगार एवं कौशल विकास कंपनी और पालघर जिले के विभिन्न गांवों में एमआईडीसी के लिए जगह उपलब्ध कराने जैसे फैसले लिए गए। अजित पवार और शिंदे के बीच अनबन की लोग अपने-अपने तरीके से व्याख्या कर रहे हैं। जब नकारात्मक चर्चाएं बढ़ी, तो अजित पवार ने इस मामले में कहा कि मैं सीएम शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से परमिशन लेकर मीटिंग से गया था। मेरी लातूर में मीटिंग थी। मुझे फ्लाइट पकड़नी थी, इसलिए मैं मीटिंग छोड़कर चला गया। हालांकि, उन्होंने मुख्यमन्त्री के साथ अपने मतभेदों पर कोई जवाब नहीं दिया। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब लोकसभा चुनाव में हार के बाद अजित पवार की एनसीपी के महायुति गठबंधन यानी भाजपा, शिवसेना, एनसीपी से अलग होने पर चर्चा हो रही है। आरएसएस के कई पदाधिकारी भी लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन को इस गठजोड़ का नतीजा मान रहे हैं। हाल ही में उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने भी कहा था कि एनसीपी के वोट ट्रांसफर न होने से आम चुनाव में खराब प्रदर्शन रहा। चुनाव में महायुति गठबंधन 48 लोकसभा सीटों में से सिर्फ 17 सीटें ही जीत पाया। इनमें भाजपा को 9, शिवसेना को 7 और अजित पवार की एनसीपी को सिर्फ 1 सीट मिली थी। भाजपा प्रवक्ता ने कहा था एनसीपी को महायुति छोड़ देना चाहिए करीब एक महीने पहले 31 अगस्त को महाराष्ट्र भाजपा प्रवक्ता गणेश हेक ने कहा था कि एनसीपी को महायुति गठबंधन छोड़ देना चाहिए। इसके जवाब में अजित पवार ने कहा था कि मुझे कार्यकर्ताओं की बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता है। हम पीएम मोदी, अमित शाह और फडणवीस से बात करते हैं। इससे पहले 29 अगस्त को महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री और शिवसेना नेता तानाजी सावंत ने कहा था कि मुझे कैबिनेट में अजित के बगल में बैठने से उल्टी आती है। एनसीपी के साथ हमारी कभी नहीं बनी। तब अजित ने कहा था कोई मेरी आलोचना करता है, तो करता रहे। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद में अब सभी की निगाहें महाराष्ट्र और झारखंड की राजनीतिक हलकों पर टिकी हुई हैं। मीटिंग छोड़कर जाने से सियासी हलकों में चर्चा शुरू हो गई कि क्या अजित पवार एनडीए से नाराज है। क्या वह दोबारा से अपना पाला बदलने वाले हैं। कांग्रेस पार्टी के नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार ने जो कहा उससे महाराष्ट्र के अधिकांश नेता सहमत हैं, विजय वडेट्टीवार ने कहा कि अजित पवार को दरकिनार करने की कोशिश की जा रही है। यही सच लग भी रहा है। अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का महाराष्ट्र में लोकसभा इलेक्शन में काफी खराब प्रदर्शन रहा था। पार्टी ने चार सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। इनमें से महज एक ही जीत पाया। बाकी के तीन प्रत्याशी हार गए। वहीं शरद पवार के लिए लोगों की सहानुभूति रही थी और उन्हें आठ सीटों पर जीत मिली थी। यही कारण है कि भाजपा अजित पवार को बोझ मान सकती है और विजय वडेट्टीवार की बात सच हो सकती है कि अजित पवार को दरकिनार करने की कोशिश की जा रही है। पवार कैबिनेट की मीटिंग से जल्दी चले गए और बाद में करीब 38 फैसले लिए गए थे। वहां पर मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि जब बड़े वित्तीय फैसले लिए जा रहे थे, तो वित्त विभाग का कार्यभार संभाल रहे अजित पवार गायब थे। महाराष्ट्र की महाराजनीति के महाजानकार कहते हैं कि राज्य में शक्ति प्रदर्शन का दौर शुरू हो गया है। वोटरों को यह बताने का समय आ गया है कि किसमें कितना दम है, क्योंकि चुनावी दंगल में जिसका जितना बढ़ा कद होगा, उतना ही उसे फायदा होगा। वैसे राजनैतिक दलों को मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव में बता ही दिया था कि किस में कितना दम है। कई विश्लेषकों का मानना है कि अगर अजित पवार को छोड़कर, भाजपा और शिंदे की शिवसेना ही गठबंधन करके चुनाव लड़ती हैं, तो उन्हें ज्यादा सीटें मिल सकती हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"इंसाफ" "झूट" "बीम" "आरी"

इंसाफ अपने हक में नहीं है तो क्या हुआ,
इंसाफ को न झूट की कैंची से काटना।
लिक्खे पढ़ों की बात पे जाहिल का तबसरा,
मजबूत ठोस बीम को आरी से काटना।

## दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचे पीएम मोदी-राष्ट्रपति मुर्मू, धूं-धूंकर जला रावण; गूंजे जय श्रीराम ने नारे




नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (नेट)। शनिवार को देशभर में दशहरे का त्यौहार मनाया गया। इस मौके पर दिल्ली के रामलीला मैदान में रावण दहन हुआ। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मौजूद रहे। दोनों ने पहले राम और लक्ष्मण को तिलक लगाया और फिर आरती उतारी। इसके बाद राम-रावण का युद्ध देखा। राम ने रावण की नाभि में तीर मारकर उसका अंत किया। इसके बाद रावण, मेघनाथ और कुम्भकरण के पुतलों का दहन किया गया। लालकिला मैदान में श्री धार्मिक लीला कमेटी के यहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और देश के अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। सभी ने रामलीला का मंचन देखा और रावण दहन समारोह में भाग लिया। वहीं नवश्री धार्मिक लीला कमेटी के पंडाल में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी पहुंचें और समारोह में भाग लिया। भगवान हनुमान की भूमिका निभाने वाले अभिनेता विंदू दारा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है 'सबका साथ सबका विकास'। भारत एकजुट है और सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और इसे और बेहतर बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## शहीद भगत सिंह सेवादल ने 21वां जलसेवा शिविर लगाया

### - जलसेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं होती : अंकुर दुआ




मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बुस.)। शहीद भगत सिंह सेवादल द्वारा गांधी कॉलोनी स्थित दशहरा ग्राउंड पर आज 21 वां जलसेवा शिविर लगाया गया। सर्वप्रथम जलसेवा शिविर का उद्घाटन मुख्य अथिति अंकुर दुआ (सदस्य भारतीय प्रेस परिषद एवं संपादक मुजफ्फरनगर बुलेटिन), वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंघल व वरिष्ठ भाजपा नेता शरद शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अथिति अंकुर दुआ ने कहा कि जलसेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं होती। जहाँ ग्राउंड पर आयी हजारों की भीड़ की सबसे बड़ी जरूरत को सेवादल ने समझा ओर जलसेवा का शिविर लगाने लगे। शहीद भगत सिंह सेवादल (रजि.) के सभी सेवादारों के नेक कार्य की सभी ने हौसला अफजाई की। इस अवसर पर बोलते हुए दल के चेयरमैन चौ. नरेश अरोरा व जिला महामंत्री विकास कुमार अरोरा ने कहा कि ये पर्व बुराई पर अच्छाई कि जीत का, अन्याय पर न्याय की जीत का, अधर्म पर धर्म की जीत का महापर्व है। हमे हमेशा अच्छी सोच रखते हुए अच्छे कर्म करने चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से संरक्षक राज किशन बाठला, चेयरमैन चौ. नरेश अरोरा, जिला अध्यक्ष राकेश ढींगड़ा, जिला महामंत्री विकास कुमार अरोरा, दिवप्रीत सिंह "हन्नी", राजेश कुमार बब्बल, संजय मलिक, विजय गिरधर, आरव अरोरा, यश दहूजा, मुकुल दुआ, नितेश बक्शी, अनमोल छाबड़ा (शहीद भगत सिंह एकता मंच के संस्थापक) हितेश आंनद, मनोज अरोरा, नवनीत लौ, विवेक चुग, सुदेश बक्शी, विक्की बाठला, सुशील कपूर, योगेश कालरा, प्रिंस अनेजा, रोहन अरोरा, अर्पित कालड़ा, ऋषभ मेंहदीरत्ता आदि मौजूद रहे।

## नगर के गणमान्य लोगों ने स्व. राधेश्याम मिश्रा को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि








मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बुस.)। नगर के कूकड़ा चौक स्थित देवलोक पैलेस में व्यापारी नेता संजय मिश्रा के पिताजी स्व. राधेश्याम मिश्रा जी की रस्म तेहरवीं मे पहुँचकर मंत्री अनिल कुमार, राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुरित दुआ, पूर्व विधायक अशोक कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल सुमित विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक संगठनों के नेताओं एवं ब्राह्मण समाज के लोगों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुजफ्फरनगर बुलेटिन परिवार ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें व शोक संतप्त परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## बाबा रामदेव का बड़ा बयान...खान पान की चीजों में थूकने के मामले में बोले- मुस्लिम धर्मगुरु आएं आगे



हरिद्वार, 12 अक्टूबर (नेट)। देश में खाने पीने की चीजों में थूक और मूत्र मिलाने के वीडियो सामने आने पर बवाल मचा है। योग गुरु स्वामी रामदेव ने भी इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम धर्मगुरुओं को आगे आकर बोलना चाहिए। इस तरह की घटनाओं से इस्लाम का प्रचार नहीं बल्कि इस्लाम के साथ कुरान भी बदनाम होती है। बार-बार इस तरह की घटनाएं होने पर आश्चर्य है कि मुस्लिम धर्म गुरु मौन साध लेते हैं। ऐसे विषयों पर प्रखरता के साथ इसका विरोध करना चाहिए। यह सब सभ्य समाज के लिए कलंक के समान है। बता दें कि योग गुरु स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने आज कनखल में कन्या पूजन किया और इस दौरान उनके द्वारा यह बयान दिया गया।

## राजपूत धर्मशाला में मनाया विजयदशमी का पर्व



मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)। विजयदशमी के अवसर पर राजपूत समाज द्वारा रामपुरम सोसाइटी स्थित रामपुरम धर्मशाला में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा पर तिलक व पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना कर श्रीमद्भागवत गीता व शस्त्रों का पूजन किया। इस दौरान समाज के लोगों ने संयुक्त रूप से त्रिशूल और तलवारों पर तिलक चंदन लगाकर एवं कलावा बांधकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राजपूत समाज के अतिथियों अपने विचार रखते हुए बताया कि राजपूत समाज सदियों से शस्त्र पूजन करता रहा है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सभी ने अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि दशहरे पर राजपूत समाज परंपरागत रूप से शस्त्र पूजन करते हैं। इसके साथ हवन-पूजन भी किया जाता है। इस दौरान लोगों ने यज्ञ में आहुति देकर घर परिवार में सुख-शांति की कामना की। इस दौरान अमित पुंडीर, सुभाष चौहान, पंकज राणा, भूपेंद्र सिंह, राजकुमार राणा, दीपक पुंडीर, अनुज, संजय राणा, प्रमोद पुनीत, जय प्रकाश पुंडीर, दिव्या प्रताप राणा, नीरज सोलंकी, अमरीश पुंडीर, महेश चौहान, राहुल चौहान, राजेंद्र सिंह समेत रामपुरम कॉलोनी के लोग मौजूद रहे।

## क्रान्ति सेना ने शस्त्र पूजन कर मनाया दशहरा



मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बुस.)। विजयदशमी के अवसर पर क्रांति सेना कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा शस्त्र पूजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने कहा कि धर्म और हिंदुत्व की रक्षा शस्त्रों के बिना असंभव है, जिस प्रकार इम्तियाज, औवेसी और कट्टरपंथी मौलानाओं द्वारा नफरती भाषण देकर हिंदुओं को ललकारा जा रहा है और कथित हिंदूत्ववादी सरकार मौन धारण किए बैठी हैं, वह चिंता का विषय है। उन्होंने हिंदुओं को शस्त्रों के एकत्रीकरण पर भी ध्यान देने की सलाह देते हुए कहा कि अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब हम अपने ही देश में विस्थापित बनकर रह जाएंगे। उन्होंने बीजेपी सहित तमाम राजनीतिक दलों पर मुस्लिम पुष्टिकरण का आरोप लगाते वह कहा कि कि सबका साथ सबका विश्वास जीतने की होड़ में भाजपा ने भी हिंदुओं की उपेक्षा करनी शुरू कर दी है। उन्होंने लविंग जेहाद और लेंड जिहाद को रोकने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं से विशेष सावधानी बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे मामलों की रोकथाम के लिए किसी भी हद तक जाना पड़े तो जाना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को करवा चौथ पर मुस्लिम लड़कों द्वारा हिंदू महिलाओं को मेहंदी लगाने जैसी घटनाओं को रोकने का आह्वान किया।

इस अवसर पर हरमन कुमार के नेतृत्व में एक दर्जन कार्यकर्ताओं ने क्रांति सेना की सदस्यता ग्रहण की। क्रांति सेना जिला अध्यक्ष मुकेश त्यागी व महानगर अध्यक्ष देवेंद्र चौहान ने पटका पहनाकर संगठन की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर गौरव गर्ग, ओंकार पंडित, संजीव वर्मा, आलोक अग्रवाल, मंगतराम, राजन वर्मा, सुनील सैनी, जितेंद्र गोस्वामी, प्रवीण शर्मा, पंकज शर्मा, आदित्य कश्यप, ललित रूबेला, राजेंद्र तायल, हैम कुमार कश्यप, राजेश अरोड़ा, राकेश धीमान, राकेश सोनकर, दीपक प्रजापति आदि उपस्थित थे। क्रांति सेवा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में ध्रुव कुमार, विशाल कुमार, पुपिंदर, आदित्य, सोनू, दीपक, प्रशांत, मोहित, हर्ष कुमार, दीपक प्रजापति, सुनील प्रजापति आदि शामिल थे।

## मुंबई में एनसीपी अजित पवार गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या



मुंबई, 12 अक्टूबर (नेट)। शहर के बांद्रा इलाके से शनिवार रात बड़ी खबर सामने आयी। यहां बांद्रा में एनसीपी अजित पवार गुट के नेता बाबा सिद्दीकी पर फायरिंग की गई है। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने दो से तीन राउंड फायरिंग की है। इसमें से एक गोली बाबा सिद्धीकी के सीने के पास लगी है। गोली लगने के बाद आनन-फानन में बाबा सिद्धीकी को लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। वहीं घटनास्थल पर मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम भी पहुंच गई है। फिलहाल दो लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। बता दें कि बाबा सिद्दीकी पहले कांग्रेस पार्टी में भी रह चुके थे। बाद में वह एनसीपी अजित पवार गुट में शामिल हुए। बाबा सिद्दीकी कांग्रेस में तीन बार विधायक भी रह चुके हैं। इसके अलावा वह मंत्री भी रह चुके हैं। हाल ही में लोकसभा चुनाव से पहले वह एनसीपी अजित पवार गुट मे शामिल हुए थे। बताया जा रहा है कि बाबा सिद्दीकी को उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के दफ्तर के नजदीक ही गोली मारी गई है। बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी भी बांद्रा ईस्ट विधानसभा सीट से विधायक हैं।

## शहर से गांव तक घर-घर हुआ दशहरा पूजन संपन्न

### - शस्त्र-शास्त्र पूजन करके बांटे खील-पताशे, मांगी सुख समृद्धि
### - विजय जुलूस निकालने के साथ संपन्न हुए आज के कार्यक्रम



मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)। जिले भर में शनिवार को बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक एवं अपनी सामाजिक पहचान रखने वाले विजयदशमी पर्व दशहरा को पूर्ण आस्था और पूजन अर्चन के साथ धूमधाम से मनाया गया। धार्मिक परंपराओं के बीच ऐसे में नगर मुख्यालय से गांव देहात तक इस बीच सनातन धर्म एवं संस्कृति के पर्व विजयदशमी पर्व पर पूजन किया। इस दौरान घरों में गोबर के उपलों से दशहरा का पूजन कर धर्मग्रंथों के साथ बच्चों ने अपनी पुस्तक, किसानों ने अपने खेती के औजार व शस्त्रों के साथ गन्ने रखकर घर-घर दशहरा पूजन किया गया। इस दौरान घरों में दीपक जलाने के साथ मिट्टी के बने कूल्हों में खील व पताशे का पूजन किया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजय दशमी पर्व पर शनिवार को घरों में दशहरा और शस्त्र पूजन करने के बाद प्रसाद के रूप में खील-पताशे को एक दूसरे को बांटने के साथ परम्पराएं संपन्न हुई। इस दौरान अधिकांश घरों में महिलाओं द्वारा बनाए गए दाल-चावल और रायते आदि व्यंजनों का स्वाद लेने के साथ एक-दूसरे को विजयदशमी पर्व की बधाई दी। दोपहर बाद बड़ी संख्या में लोग बच्चों के साथ में नगर मुख्यालय पर आयोजित हुए श्रीरामलीला मंचन के साथ दशहरा मेलों में पहुंचे। इन रामलीलाओं में शनिवार को अहंकारी रावण वध व उनके परिजनों के वध की लीला का मंचन किया गया। इसके साथ ही विजयदशमी पर रावण व उनके साथ कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों के दहन के बाद देर रात्रि में श्रीरामलीला कमेटी की ओर से विजय जुलूस की यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए निकली, जिसमें जगह-जगह लोगों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान समेत रामादल सहयोगियों की आरती करते हुए धर्मलाभ उठाया। बैंड बाजों के साथ सभी रामलीलाओं की निकले विजय जुलूस संपन्न होने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

**आवश्यकता है**

दुकान के लिए एक सेल्समैन लड़के की जो कम्प्यूटर की नॉलेज भी रखता हो

सम्पर्क करें:-

गुप्ता मार्बल एंड पेंट हाउस

37- बी, नई मंडी, मुजफ्फरनगर
(भारतीय स्टेट बैंक के सामने)

M.: 9897332511, 9319320040

**आवश्यकता है**

एक कम्प्यूटर टीचर की, जो कक्षा 8 के बच्चे को कम्प्यूटर तथा संस्कृत पढ़ा सके और कक्षा 2 के बच्चे को कम्प्यूटर पढ़ा सके। तुरन्त आवश्यकता है।

सम्पर्क करें:-

किसान हॉस्पिटल

भोपा रोड, मुजफ्फरनगर

M.: 9648410198, 9412210237

पुराने गद्दे दे - नए गद्दे लें
Exchange Offer
₹3100/- तक छूट
: AUTHORISED DEALER :
AUTHORISED DEALER :
Sleepwell
kurlon
Dr. Back MATTRESS

UPTO 50% SALE
3rd OCT. to DIWALI
• BED SHEETS
• BLANKETS
• SOFA & CURTAIN CLOTHS
• BLINDS, WALLPAPERS & CARPETS
MADRAS HANDLOOM
Roorkee Road, Anand Bhawan, MZN, 9837051699

## विजयदशमी पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा, पहली बार योगी बंद गाड़ी से निकले मंदिर से बाहर



गोरखपुर, 12 अक्टूबर (नेट)। धर्म, सत्य और न्याय की विजय प्रतिष्ठा के पावन महापर्व विजयादशमी के अवसर पर शनिवार शाम गोरखनाथ मंदिर से निकली पारंपरिक विजयादशमी शोभायात्रा में आस्था के रथ पर सवार गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरे रास्ते श्रद्धा और समरसता के फूल बरसते रहे। उमंग, उल्लास व उत्साह की लहरों के बीच शोभायात्रा का रास्तेभर हुआ जोरदार अभिनंदन सामाजिक समरसता के ताने बाने को मजबूत करता रहा। गोरक्षपीठाधीश्वर के नेतृत्व वाली इस पारंपरिक शोभायात्रा का अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भी जबरदस्त उत्साह से भावपूर्ण स्वागत किया। फूलों से सजे नए रथ पर गोरखनाथ मंदिर के महंत के पारंपरिक परिधान में शोभायात्रा की अगुवाई कर रहे गोरक्षपीठाधीश्वर का बुनकर (मुस्लिम) और सिंधी समाज के साथ ही सर्वसमाज के लोगों ने अभिनंदन किया। पीठाधीश्वर योगी ने उन्हें आशीर्वाद दिया, मंगलमय जीवन की कामना की और नौ दिन तक चले नवरात्र अनुष्ठान का प्रसाद दिया। नाथ संप्रदाय की विश्व प्रसिद्ध गोरक्षपीठ के कई अनुष्ठान अद्भुत और विहंगम, अद्भुत हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख अनुष्ठान है विजयादशमी की शोभायात्रा। शनिवार को इस पावन पर्व पर शाम करीब चार बजे से गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गुरु गोरखनाथ का पूजन कर और उनका आशीर्वाद लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ इस साल निर्मित नए रथ पर सवार हुए। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। नाथपंथ के विशेष वाद्ययंत्र नागफनी, तुरही, नगाड़े, काशी से आए डमरू दल, ढोल व बैंड बाजे की धुन और हनुमान दल के बालकों के हैरतंगेज करतब के बीच शोभायात्रा आगे बढ़ी। जगह-जगह स्वागत में कलाकारों के विविध लोक नृत्य समूची भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। पूरे रास्ते दोनों किनारे पर श्रद्धा से भाव विभोर लोग गोरक्षपीठाधीश्वर की एक झलक पाने को आतुर नजर आ रहे थे। जैसे ही गोरक्षपीठाधीश्वर की अगुवाई वाली शोभायात्रा गोरखनाथ मंदिर के मुख्य द्वार पर पहुंची पुष्प वर्षा शुरू गई। इससे आगे बढ़ने पर मुस्लिम और बुनकर समाज के लोगों ने भी फूल बरसाकर स्वागत किया। उर्दू अकादमी के निवर्तमान चेयरमैन चौधरी कैफुलवरा ने बुनकर समाज की तरफ से गोरक्षपीठाधीश्वर को फूल माला तथा केसरिया अंगवस्त्र देकर उनका अभिनंदन किया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने मुस्कुराते हुए उनका अभिवादन स्वीकार किया।



## उत्तरी गाजा में इस्राइल के हमले में 22 की मौत



इस्राइल, 12 अक्टूबर (नेट)। गाजा में इस्राइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष में अब शरणार्थी शिविर भी निशाना बन रहे हैं। इस्राइल ने उत्तरी गाजा में जबालिया शरणार्थी शिविर पर हमला किया। इसमें महिलाओं और बच्चों समेत 22 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों की संख्या बढ़ने के बाद इस्राइल की सेना ने लोगों को उत्तरी गाजा छोड़ने के लिए कहा है। साथ ही जबालिया के लोगों को दक्षिण की ओर जाने के निर्देश दिए हैं। इस्राइली विमानों ने शुक्रवार रात को जबालिया में हमला किया। इसमें चार घर क्षतिग्रस्त हो गए और 22 लोगों की मौत हो गई। एक समाचार एजेंसी के मुताबिक हमले में 30 लोग घायल हुए हैं। जबकि 14 लोग लापता हैं। इनके मलबे में दबे होने की आशंका है। इससे एक सप्ताह पहले भी इस्राइल की सेना ने जबालिया में हमला किया था। सेना का दावा है कि उसने हमास को फिर से संगठित होने से रोकने के लिए हमले किए थे। अंतरराष्ट्रीय चैरिटी डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने कहा कि हमलों में हजारों फलस्तीन नागरिक फंस गए हैं। इसमें 90 से अधिक लोग घायल हो गए। वहीं इस्राइल की ओर से लगातार हो रहे हमलों को लेकर विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा कि उत्तरी गाजा में बढ़ती हिंसा से हजारों फलस्तीन परिवारों की खाद्य सुरक्षा प्रभावित हो रही है। गाजा तक एक अक्तूबर के बाद से अब तक कोई खाद्य सहायता नहीं पहुंची है। साथ ही उत्तर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग बंद कर दिए गए हैं। उधर, इस्राइल की सेना ने एक्स पर उत्तरी गाजा का नक्शा पोस्ट किया। साथ ही जबालिया के लोगों को वहां से चले जाने के लिए कहा। पोस्ट में कहा गया कि लोग इलाके को तुरंत खाली करके मानवीय सुरक्षित क्षेत्र में चले जाएं। वहीं लोग घरों को छोड़ने से इन्कार कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि वह घरों में मरना पसंद करेंगे, क्योंकि गाजा पट्टी में कोई जगह सुरक्षित नहीं है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शाईस्ता नकवी (SHAISTA NAQVI) से बदलकर शाईस्ता जैदी (SHAISTA ZAIDI) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे शाईस्ता जैदी (SHAISTA ZAIDI) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

शाईस्ता जैदी (SHAISTA ZAIDI)
पत्नी फिरोज हैदर
मकान नं. 97/64, कृष्णापुरी दक्षिणी, मुजफ्फरनगर

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां की तबीयत बिगड़ी, जौलीग्रांट अस्पताल में कराया गया भर्ती

देहरादून, 12 अक्टूबर (नेट)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी (80) को तबीयत बिगड़ने पर जौलीग्रांट में भर्ती किया गया है। सीएम योगी अपनी माता से मिलने जौलीग्रांट आ सकते हैं। सीएम योगी की माता सावित्री देवी को मंगलवार को जौलीग्रांट में भर्ती किया गया था। जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्हें वार्ड 111 के 15 नंबर कक्ष में भर्ती किया गया है। मुख्यमंत्री योगी रविवार सुबह अपनी मां से मिलने जौलीग्रांट आ सकते हैं, जिस कारण पुलिस प्रशासन को अलर्ट किया गया है।

## अमेरिका ने इजरायल पर मिसाइल हमला करने के लिए ईरान पर लगाया प्रतिबंध




वाशिंगटन, 12 अक्टूबर (वार्ता)। अमेरिका ने एक अक्टूबर को इजरायल पर ईरान द्वारा किए गए बैलिस्टिक मिसाइल हमले के मद्देनजर ईरान के ऊर्जा व्यापार को लक्षित करते हुए प्रतिबंधों की घोषणा की। शुक्रवार को विदेश विभाग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, "विभाग ईरानी पेट्रोलियम व्यापार से संबद्ध छह संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा रहा है और छह जहाजों की पहचान ब्लॉक की गई संपत्ति के रूप में कर रहा है।" बयान में कहा गया कि इस बीच, ट्रेजरी विभाग "एक दृढ़ संकल्प जारी कर रहा है जो ईरान में पेट्रोलियम या पेट्रोकेमिकल क्षेत्रों में काम करने के लिए दृढ़ संकल्पित किसी भी व्यक्ति के खिलाफ प्रतिबंध लगाएगा।" बयान में यह भी कहा गया कि "इसके अलावा, ट्रेजरी दस संस्थाओं को प्रतिबंधित कर रही है और यूएस-नामित संस्थाओं नेशनल ईरानी ऑयल कंपनी या ट्रिलियंस पेट्रोकेमिकल कंपनी लिमिटेड के समर्थन में ईरानी पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उत्पादों के नौवहन में शामिल 17 जहाजों की पहचान ब्लॉक की गई संपत्ति के रूप में कर रही है।" अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने एक बयान में कहा कि उपरोक्त प्रतिबंध "ईरान को उसके मिसाइल कार्यक्रमों का समर्थन करने और अमेरिका, उसके सहयोगियों और भागीदारों को धमकी देने वाले आतंकवादी समूहों को समर्थन प्रदान करने के लिए उपयोग किए जाने वाले वित्तीय संसाधनों से वंचित करने में मदद करेंगे।

## वाहन खाई में गिरने से मां-बेटे सहित तीन की मौत

देहरादून, 12 अक्टूबर (वार्ता)। उत्तराखंड के देहरादून जिले के सुदूरवर्ती थाना त्यूनी क्षेत्र में शनिवार को एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। इससे कार सवार एक मां- बेटे सहित तीन लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज थाना त्यूणी क्षेत्र में छुमरा से त्यूणी आने वाली एक ऑल्टो कार रायगी मंदिर के पास सड़क से करीब 100 मी नीचे गिर गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि एक आल्टो कार संख्याः यूके-07-डीडी-5541 मुख्य सडक से लगभग 100 मीटर नीचे खाई में गिरी हुई थी। स्थानीय लोगों के साथ पुलिस टीम द्वारा तत्काल रेस्क्यू आपरेशन चलाते हुए कार सवार छह लोगों को कार से बाहर निकाल कर तत्काल उपचार हेतु नजदीकी चिकित्सालय पंहुचाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा तीन घायलों सौरांश (3) पुत्र उमेश, निवासी ग्राम मेघाटू, थाना त्यूणी, उपरोक्त बच्चे की मां अनीता (30) पत्नी उमेश, और सूरत राम जोशी (78) पुत्र टांगरू, निवासी ग्राम मुंदोल, थाना त्यूणी को मृत घोषित किया गया। सूत्रों के अनुसार, शेष अन्य तीन घायलों इतिका (25) पुत्री सहजराम, निवासी ग्राम मुन्दोल, थाना त्यूणी, मनीष नौटियाल (25) पुत्र बारूदत्त, ग्राम डगोली, थाना मोरी, जनपद उत्तरकाशी, और जयेन्द्र (38) पुत्र पातीराम, निवासी ग्राम चिल्हड़, तहसील त्यूणी, देहरादून को प्रार्थमिक उपचार के उपरान्त, हायर सेंटर रेफर किया गया। मृतकों के पचांयतनामा/पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पृथम दृष्टया कार चालक द्वारा वाहन से नियंत्रण खो देने के कारण दुर्घटना का घटित होना प्रतीत हुआ।

## ट्रक ने रौंदा तीन साइकिल सवारों को, मौत

मैनपुरी 12 अक्टूबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के बेबर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने तीन साइकिल सवारों को रौंद दिया। इस दुर्घटना में तीनों की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार दिल्ली-कानपुर राजमार्गपर हुए इस हादसे में खांकेताल निवासी सिघलाल शाक्य,खेमकरन और विनोद की मौत हो गयी है यह तीनों अपनी-अपनी साइकिल से राशन की दुकान से राशन लेने जा रहे थे। इस भीषण हादसे के बाद ग्रामीणों एक घण्टे तक जी.टी रोड जाम रखा,बाद में पुलिस के आने के बाद यातायात खुलवाया गया। मैनपुरी में पिछले कुछ दिनों से सड़क दुर्घटनाओं में काफी इजाफा हुआ है। ट्रक की तेज रफ्तार और ड्राइवर के शराब के नशे में होना इसका कारण बताया जा रहा है। पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# रावण दहन में दर्शकों को खूब भाया कुम्भकर्ण का अभिनय

## श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर

की ओर से पटेलनगर मैदान में रावण और मेघनाथ के पुतले दहन किए गए। इससे पूर्व दिन में दशहरा पूजन के बाद चार बजे से नई मंडी पटेलनगर मेले का आयोजन शुरू हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि यूपी सरकार में कौशल विकास राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल व पूर्व मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने भगवान श्रीराम संग अग्निबाण के सहारे रावण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप व गौरव स्वरूप, राजीव गर्ग, उद्यमी भीम कंसल, पारस टीएमटी के निदेशक संजय जैन व विपिन जैन, विशाल गर्ग आदि भी उपस्थित रहे। पटेलनगर में संपन्न कार्यक्रम में श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन, कार्यक्रम संयोजक पूर्व सभासद विकल्प जैन, गोपाल चौधरी, सुरेंद्र मंगल, जितेंद्र कुच्छल, प्रमोद गुप्ता, पंकज शर्मा, अमित शर्मा, गोविंद शर्मा, नारायण ऐरन, प्रमोद गुप्ता, जितेंद्र छोटू, गोविंद शर्मा, राकेश मित्तल आदि मौजूद रहे। देर सायं पटेलनगर में रावण दहन के बाद में नई मंडी में भगवान श्रीराम की विजय यात्रा का बड़े धूमधाम के साथ आयोजन हुआ।











## गिरा 150 साल पुराना मकान, दब जाते दो बच्चे और महिला

**मेरठ, 12 अक्टूबर (एजेंसी)।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के ढोलकी मोहल्ला में जैन मंदिर के बराबर में करीब डेढ़ सौ साल पुराना जर्जर मकान गिर गया। गनीमत रही कि मकान के पास से गुजर रही एक महिला और तीन बच्चों की जान बच गई। मकान गिरने का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कैंट बोर्ड की टीम और सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची। ढोलकी मोहल्ला में जैन मंदिर बना हुआ है। आसपास पूरा बाजार है। मंदिर के बराबर में डेढ़ सौ साल पुराना जर्जर मकान था, जो बंद पड़ा था। उस मकान को ठीक कराने के लिए कई साल पहले कैंट बोर्ड से अनुमति मांगी गई थी लेकिन दो पक्षों का विवाद होने के चलते मामला लटक गया था। शुक्रवार को सदर बाजार में ढोलकी मोहल्ला के पास से शोभायात्रा निकल रही थी। इसी दौरान एक महिला और तीन बच्चे भी निकलते हुए जा रहे थे। अचानक मकान भरभराकर सड़क पर आ गिरा। इससे आसपास अफरातफरी मच गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि मकान में कोई रह नहीं रहा था। दो पक्षों में मालिकाना हक को लेकर विवाद चल रहा है। वायरल वीडियो में पहले एक बच्चा साइकिल पर तेजी से निकलता है। वहीं, एक महिला और दो बच्चे पैदल जाते दिख रहे हैं। मकान गिरने और जमीन तक आने से पहले बच्चों को आवाज आई। उन्होंने मुड़कर ऊपर की ओर देखा और दौड़ लगा दी। महिला ने भी भागकर जान बचाई। अगर एक सेकेंड की भी देरी होती तो उनकी जान मुसीबत में फंस सकती थी।

## अब दिल्ली में घुसते ही लगेगा टैक्स? आतिशी सरकार कर रही है तैयारी

**नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसी)।** दिल्ली सरकार जल्द ही कंजेशन टैक्स लागू करने वाली है। राष्ट्रीय राजधानी में लगातार बढ़ती वाहनों की भीड़भाड़ और प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से कंजेशन टैक्स लाने की योजना पर सरकार काम कर रही है। लंदन, न्यूयॉर्क और सिंगापुर में पहले से कंजेशन टैक्स लागू है, वहीं अब दिल्ली सरकार भी इसके बारे में विचार कर रही है। टाइम्स ऑफ इंडिया में छपी खबर के अनुसार पीक आवर्स के दौरान शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों से कंजेशन टैक्स वसूला जाएगा। 13 प्रमुख प्रवेश बिंदुओं पर सुबह 8 से 10 बजे तक और शाम 5.30 से 7.30 बजे तक ये टैक्स वसूला जाएगा। सरकार की योजना है कि ये टैक्स मैन्युअल तरीके की जगह फास्टैग के जरिए वसूला जाएगा। आरएफआईडी रीडर और एनपीआर (नंबर प्लेट पहचान) कैमरों की मदद से ऐसा किया जाएगा। ताकि वाहन बिना रुके टैक्स का भुगतान कर सकें और ट्रैफिक जाम न लग सके। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कंजेशन राशि पर काम कर रहे है। इससे जुड़ा एक प्रस्ताव भी दिया गया है। हालांकि मोटर वाहन अधिनियम में ऐसे शुल्क का जिक्र नहीं है। इसलिए या तो अधिनियम में बदलाव या नए वैधानिक प्रावधानों की आवश्यकता है।

## अचानक हिल गई हिमाचल की राजधानी की धरती, शिमला में आया भूकंप

**शिमला, 12 अक्टूबर (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में आए भूकंप को नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी में रिकॉर्ड किया गया है, जिसकी ताकत रिक्टर स्केल पर 3।0 मैग्नीट्यूड आंकी गई है। पिछले डेढ़ महीने से संजौली मस्जिद विवाद के चलते भारी भीड़ की कदमताल से हिल रही हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला की जमीन शनिवार को असल में दहल गई। शिमला के पहाड़ों में शनिवार शाम को भूकंप ने धरती हिला दी है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने इस भूकंप को रिकॉर्ड किया है, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.0 मैग्नीट्यूड आंकी गई है। यह भूकंप इतना हल्का रहा है कि इसका आम जनजीवन पर कोई असर नहीं पड़ा है। फिलहाल सेंटर इस बात की जांच कर रहा है कि कहीं यह किसी बड़े भूकंप का प्री-ट्रेमर तो नहीं है। एनसीएस के मुताबिक, शिमला में आए भूकंप का केंद्र 31.21 डिग्री उत्तर और 77.87 डिग्री पूर्व में रहा है। यह केंद्र सतह से करीब 5 किलोमीटर की गहराई में रहा है। एक्स पर सेंटर ने बताया,'यह भूकंप दोपहर में 3.32 बजे आया है, जो कुछ ही सेकंड तक रहा है।

## कंपनी की दीवार गिरने से बड़ा हादसा, 7 लोगों की मौत

**मेहसाणा, 12 अक्टूबर (एजेंसी)।** गुजरात के मेहसाणा जिले के कादी तालुका के जासलपुर गांव के पास एक निजी कंपनी की दीवार गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई है। यह घटना जिला मुख्यालय से लगभग 37 किलो मीटर दूर कडी कस्बे के पास हुई। कडी थाने के निरीक्षक प्रह्लाद सिंह वाघेला ने बताया कि जसलपुर गांव में एक फैक्टरी के लिए भूमिगत टैंक बनाने के वास्ते कई मजदूर गड्ढा खोद रहे थे, तभी मिट्टी धंस गई और वे जिंदा दब गए। उन्होंने कहा कि सात शव बरामद कर लिये गए हैं और कुछ मजदूरों के दबे होने की आशंका है।

## सावधान, अगले आठ दिनों के अन्दर ई-रिक्शाओं व अतिक्रमण पर लगेगी लगाम

**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** दशहरे का पर्व जा चुका है, अब आगामी दिनों में त्यौहारों का सीजन आ चुका है, ऐसे में सड़कों पर लगातार भीड़ भाड़ और जाम देखा जायेगा। इससे पूर्व ही प्रशासन ने इशारा कर दिया है कि अगले आठ दिनों में प्रशासन का फोकस इसी बात पर रहेगा कि किस तरह शहर को जाम से बचाया जाये। ऐसे में जल्द ही प्रशासन द्वारा अवैध ई-रिक्शाओं पर लगाम लगाने की तैयारी की जा रही है। जल्द ही उनके रूट भी निर्धारित कर दिये जायेंगे। कौन से रंग की रिक शा कहां के लिए चलेगी, कोशिश की जा रही है कि दिपावली आने से पूर्व यह भी तय कर दिया जायेगा। सम्भावना जताई जा रही है कि कल यानि आज से ही सबसे पहले व्यापारियों से अतिक्रमण हटवाने का अनुरोध करने के लिए प्रशासन का अमला सड़कों पर उतरेगा और व्यापारियों से अनुरोध करेगा कि वह अपनी दुकान का अतिक्रमण अपनी हद में रखें। यदि एक सप्ताह तक कोई व्यापारी नहीं मानता तो फिर प्रशासन सख्त कदम उठाने अथवा अतिक्रमण में रखे सामान को जब्त कर लेगा। ठीक इसी तरह अवैध ई-रिक्शाओं के लिए भी घोषणा की जाने वाली है कि जिनकी ई-रिक शाएं अवैध है वे अपनी रिक्शाएं अपने घरों के अन्दर रखें, सड़कों पर उन्हें उतारने का कष्ट ना करे। इसी क्रम में यदि कोई नाबालिग या नौसीखिया बुजुर्ग गलत ढंग से ई-रिक्शा चलाता दिखाई देगा, उस पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। अगले आठ दिनों के अन्दर प्रशासनिक अमला इन सभी कवायदों को पूरी करने का प्रयास करने जा रहा है।

## हेलमेट पहने लोगों के भी कम कटेंगे चालान

**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** नगर में लगातार ट्रैफिक विभाग ग्रामीण क्षेत्रों से आये सरल स्वभाव के हेलमेट पहने लोगों के चालान अक्सर काटता दिखाई पड़ता है। जल्द ही ट्रैफिक विभाग इस पर भी निर्णय लेने जा रहा है। ऐसे में ट्रैफिक विभाग प्रयास करेगा कि हेलमेट पहने लोगों की सिर्फ नार्मल चैकिंग की जाये, यदि कोई व्यक्ति बिना कागज के चले तभी उसका चालान काटने की कार्यवाही की जाये। दरअसल पिछले कई महीनों से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के या तो निशाना बनाकर चालान काटे जा रहे थे या उनसे अवैध वसूली की शिकायत आ रही थी। ऐसे में ट्रैफिक विभाग इस मामले में भी सुधार करने जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शहरी बाजारों से खरीददारी करने अथवा किसी भी कार्य को करने में कोई तकलीफ ना हो।



## 20 हजार रुपये का इनामी बदमाश तमंचे के साथ दबोचा

**मीरापुर, 12 अक्टूबर (बु.)।** मीरापुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बीस हजार के ईनामी बदमाश को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू वर्मा ने बताया कि शनिवार को मीरापुर पुलिस को सूचना मिली कि जमालपुर बांगर के जंगल में एक संदिग्ध युवक किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बताए हुए स्थान पर दबिश मीरापुर थाना क्षेत्र के गांव कैलापुर जसमौर निवासी अंकित पुत्र रतन सिंह को गिरफ़्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस मिला। इंस्पेक्टर बबलू वर्मा ने बताया कि पकड़ा गया अंकित बेहद शातिर बदमाश है, उस पर कई आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं तथा उस पर राजस्थान के हनुमानगढ़ जनपद के थाना गोलूवाला से 20 हजार का इनाम घोषित है। पुलिस ने लिखा-पढ़ी कर उसका चालान कर दिया।

## नई मंडी श्री रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला मैदान

में भी रावण दहन कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र साबित हुआ। इससे पूर्व रामलीला मैदान में पहुंचे अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन करते हुए रामलीला मंचन का शुभारंभ कराया। इस दौरान रामलीला समिति के अध्यक्ष संजय मित्तल ने कार्यक्रम में पधारे वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, उद्यमी भीम कंसल, सतीश जैन, पारस टीएमटी निदेशक संजय जैन, दुर्गा इस्पात के स्वामी नरेंद्र गोयल आदि अतिथियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंत्री अशोक कुमार गर्ग, आदित्य भरतिया, संजय जिंदल, राजीव अग्रवाल, अभिषेक कुच्छल, विदित गुप्ता, उपेंद्र मित्तल, कुलदीप शर्मा, विवेक बंसल, राजेश गोयल, विवेक गर्ग व अतुल जैन आदि मौजूद रहे।





# दशानन के मुंह से निकली 45 मीटर तक आग, बुराई के पुतले हुए खाक

**▶ नुमाईश मैदान में रिमोट द्वारा हुआ डिजिटल पुतलों का दहन ▶ रावण दहन के बाद निकली भगवान श्रीराम की विजय यात्रा**







**मुजफ्फरनगर, 12 अक्टूबर (बु.)।** बुराई पर अच्छाई-असत्य पर सत्य के प्रतीक विजयदशमी पर्व की शनिवार को नगर से गांव देहात तक धूम रही। इस दौरान नगर मुख्यालय से विभिन्न कस्बों व ग्रामीण अंचलों में रामलीला के मंचनों के साथ जिलेभर में 52 स्थानों पर पुतला दहन लीला मंचन के साथ मेलों में भारी भीड़ ने तमाम रिकार्ड धराशाही कर दिए, जिसे व्यवस्थित करने में श्री रामलीला कमेटी के साथ पुलिस प्रशासन की सांसे दिनभर बढ़ी रही। देर सायं विजय जुलूस के साथ कार्यक्रम संपन्न होने पर जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस दौरान जनपद भर में हर स्थिति पर अधिकारी पैनी नजरें गड़ाए रहे। विजयदशमी पर्व की धूम के बीच शनिवार को जनपद भर में दशहरा निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो गया। सुरक्षा कारणों से मेरठ रोड पर पुलिस बल पूरे दिन अलर्ट मोड़ पर रहा। शहर के सबसे बड़े मेलों में शुमार रहे नुमाईश मैदान में पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी विजयदशमी पर्व पूरे उत्साह व उल्लास के साथ संपन्न हो गया। श्रीराम सेवा दल कमेटी की ओर से नुमाईश मैदान में आयोजित कार्यक्रम में इस बार रावण के मुंह से निकली करीब 45 मीटर तक आग आकर्षण के केन्द्र में रही। वहीं नुमाईश मैदान में 60 फुट के विशालकाय रावण के पुतले में की गई विशेष कलाकारी लोगों के आकर्षण के केंद्र में बनी रही। इसके साथ ही 50 फुट के कुंभकर्ण और 45 फुट के मेघनाद के पुतले दर्शकों को अपने मोहपाश में बांधते हुए दिखाई दिए। श्रीराम सेवा दल की ओर से आयोजित रावण दहन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में यूपी सरकार में राज्य मंत्री कपिलदेव अग्रवाल व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ.संजीव बालियान के साथ ही विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य एवं मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, उद्यमी भीम कंसल, सतीश गोयल, बसुंधरा रेजीडेंसी के डायरेक्टर अमित चौधरी, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, मीडिया प्रभारी अचिंत मित्तल, संजय अग्रवाल, पंजाबी समाज के अध्यक्ष सुखदर्शन सिंह बेदी, भाजपा नेता विशाल गर्ग, सुरेन्द्र पुनियानी, अरुण जैन एवं राजेश जैन आदि उपस्थित रहे। श्रीराम सेवा दल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इस बीच डीएम उमेश चंद्र मिश्रा व एसएसपी अभिषेक सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय प्रेस परिषद् के सदस्य अंकुर दुआ ने की। इस दौरान मुख्य रूप से श्रीराम सेवा दल अध्यक्ष विनोद खेड़ा, महासचिव अशोक डूमरा, डॉ. सुरेश खुराना, अशोक राज कथूरिया, विनोद वाधवा, किशन लाल खेड़ा, महेंद्र अरोरा, इंद्रजीत सुनेजा, कुल भूषण बजाज, डॉ. विजय टंडन, राजेश


















**शहर रामलीला कमेटी टाउनहाल** की ओर से रामलीला टिल्ला मैदान पर पूर्व वर्षो की भांति अहंकारी रावण परिवार के पुतलों का दहन समारोह रामलीला मंचन के बीच संपन्न हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप व शंकर स्वरूप बंसल ने संयुक्त रूप से शुभारंभ कराया। इस दौरान रामलीला के मंचन में मुख्य संरक्षक निर्देशक साधुराम गर्ग एवं सहायक मुख्य निर्देशक अजय गर्ग तथा निर्देशक जगन्नाथ रुहेला, कमल कान्त शर्मा, अरविंद दीक्षित व नितिन नामदेव के निर्देशन में कलाकारों ने बेहतर प्रस्तुति देते हुए लोगों की तालियां बटोरी। वहीं मुख्य अतिथियों का स्वागत इस बीच सतीश गर्ग, शिव चरण गर्ग, मा. सुशील गोयल, सुखदेव मित्तल एडवोकेट, नीरज अग्रवाल, अंजुल भूषण, नवीन गुप्ता, अनुराग शर्मा, पुष्पेन्द्र जिंदल, रजत गोयल, अनमोल मित्तल, राधव गुप्ता, प्रियांक गर्ग, सागर कुच्छल, शोभित गुप्ता, अतुल गर्ग, शुभम गौतम, अनुज सिंघल, सुरेश पाण्डे, शौर्य अग्रवाल, शुभम तायल, कार्तिक कुच्छल आदि ने किया।

**रामपुरी में श्री रामलीला कमेटी** की ओर से रामलीला मैदान में अहंकारी रावण परिवार के पुतलों का दहन किया गया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों ने पूजा-अर्चना के साथ रामलीला मंचन का प्रारंभ कराया। इस बीच जय श्रीराम के जयघोष के बीच रावण और कुंभकरण के पुतलों को आग के हवाले कर दिया गया। इस दौरान व्यवस्था बनाने में मुख्य रूप से चौधरी शक्ति सिंह अध्यक्ष रामलीला कमेटी रामपुरी, दिवाकर त्यागी, रवि धीमान, नीरज शर्मा, प्रमोद पाल, चेतन पांचाल, देवशरण शास्त्री, रजत भारती, राकेश प्रजापति, विपिन त्यागी, शिवम त्यागी, आयुष पाल, ज्ञानेंद्र तिवारी, गगन जिंदल, शौर्य सिंह, सक्षम, सत्येंद्र त्यागी, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## नवाब सैनी की ताजपोशी की डेट फाइनल, 17 को शपथ ग्रहण समारोह

**चंडीगढ़, 12 अक्टूबर (एजेंसी)।** हरियाणा में नए सीएम और मंत्रियों की शपथ ग्रहण की डेट फाइनल हो गई है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने यह कन्फर्म किया है। नई दिल्ली में अपने नए सरकारी आवास में गृह प्रवेश और पूजा के दौरान पूर्व सीएम खट्टर ने यह जानकारी दी है। पहले कहा जा रहा था कि 15 अक्तूबर को हरियाणा में नई सरकार का गठन होगा, लेकिन अब 17 तारीख तय की गई है। दरअसल, इससे पहले, यह चर्चा थी कि 15 अक्तूबर को हरियाणा के नए सीएम पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। हालांकि, अब मनोहर लाल खट्टर ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के लिए 17 अक्टूबर की तारीख तय की गई है और 17 को पंचकूला में, मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के साथियों का शपथ समारोह होगा।



## दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी, सड़क छावनी में तब्दील, इलाके में फैला तनाव

**गोंडा, 12 अक्टूबर (नेट)।** दशहरा पर्व को देर शाम गोंडा शहर के एक इलाके में तनाव का माहौल कायम हो गया। नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बड़गांव में नूरामल मंदिर से आगे तकिया मस्जिद व घोसियाना मोहल्ले के आसपास पत्थरबाजी होने से बवाल की स्थिति बन गई। हालांकि, सूचना मिलते ही इलाके को पुलिस बल और पीएसी के जवानों से छावनी में तब्दील कर दिया। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने मस्जिद के आसपास वाले दो और तीन मंजिला घरों से पत्थर फेंकने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन और हो हल्ला शुरू कर दिया। कंट्रोल रूम से संदेश मिलते ही मौके पर एसपी विनीत जायसवाल खुद पहुंच गये और माइक हाथ में लेकर हालात को नियंत्रित करने का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सोनार गली मौहल्ले की दुर्गा प्रतिमा शहर से खैरा भवानी मंदिर के पोखरे में विसर्जन के लिए ले जाई जा रही थीं, उसी वक्त असामाजिक तत्वों ने पथराव किया। इस दौरान अंधेरा होने के चलते पुलिस को और कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। हुड़दंगियों को पुलिस जवानों ने खदेड़ते हुए रास्ते पर एकत्रित भीड़ को भी तितर बितर कर दिया। नगर कोतवाल मनोज पाठक ने बताया कि हालात पूरी तरह से कंट्रोल में है। कुछ गलतफहमी की वजह से विवाद की परिस्थिति बन गई थी, लेकिन मौके पर पहुंचकर पुलिस अफसरों और जवानों से सब संभाल लिया। रूट को डायवर्ट कर विसर्जन यात्रा को गंतव्य तक सही सलामत पहुंचाया जा रहा है।

## खुद को दरोगा बताकर सभासद पति के ठग लिए 45000 रुपये

**शाहपुर, 12 अक्टूबर (बु.)।** नगर पंचायत के सभासदों को फर्जी दरोगा बताकर फोन करने वाले ने एक सभासद पति से हजारों रुपए हड़प लिए। सूचना पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। शाहपुर नगर पंचायत के सभासदों को एक ही फोन से कॉल करके खुद को कस्बा चौकी के प्रभारी दरोगा बताकर उनके बारे में जानकारी रखने वाले व्यक्ति ने हाल चाल पूछकर घुल-मिलकर ठगी करने का जाल बिछाया। नगर पंचायत के 13 सभासदों में से अधिकतर को अपने झांसे में लेना चाहा, लेकिन जब कोई उसकी बातों में नहीं आया। एक सभासद के पति बुद्धप्रकाश को जब उनका परिचित होने के साथ कहा कि तुमने तो मिलना जुलना बन्द कर दिया और बातों में लेकर उसके खाते में रुपये आने की बात कहते हुए उससे ठगी करते हुए उसके मोबाइल पर भेजे मेसेज के माध्यम से पैंतालीस हजार रुपये ठग लिए। खाते से रुपये कटने के बाद सभासद पति ने उस नम्बर को मिलाया, तो वह नम्बर बंद मिला। वह पुलिस के पास पहुंचा व उस मोबाइल नम्बर से ठगी करने की जनकारी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि मामला साइबर ठगी का है, जिसकी जांच शुरू कर दी है।

## होटल पर झगड़े के प्रकरण में दर्जनभर लोगों पर केस दर्ज

**छपार, 12 अक्टूबर (बु.)।** छपार थाना क्षेत्र के रामपुर तिराहा के पास न्यू पंजाबी होटल पर बीती रात नकाबपोश युवकों ने पहुंचकर होटल मालिक के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना पर रामपुर तिराहा पुलिस चौकी इंचार्ज दरोगा आशुतोष कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मौका मुआयना किया। होटल मालिक बेहड़ी निवासी सादिक अली ने शहजाद, शादाब, सुहैब आदि चार लोगों को नामजद कर दर्जनभर अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना छपार में मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी को दबिश अभियान जारी है। बताया गया कि कुछ लोग पहले खाना खाने होटल पर आए थे। जहां उनसे होटलकर्मियों की कहन-सुनन के बाद दोबारा कई लोग नकाब लगाकर होटल पर हमला करने पहुंचे थे।

## अपने मन में पल रहे अहंकार, क्रोध, लोभ को भी रावण के पुतलों के साथ जलाकर जाएं

**मुजफ्फरनगर।** कार्यक्रम अध्यक्ष, भारतीय प्रेस परिषद सदस्य एवं दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने नुमाईश कैंप में आए अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि श्री राम सेवा दल को इसी तरह आप लोगों का प्यार मिलता रहे, यहीं हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उनका भाषण सुनकर पूरा पंडाल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा।



---

**मुजफ्फरनगर। मंत्री कपिल देव अग्रवाल** ने कहा कि आज पूरे देश में दशहरे का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। देश में हर जगह रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का दहन होने के साथ आतंकवाद का पुतला भी आज नुमाईश कैंप में फूंका है। उन्होंने शहर के सभी लोगों को दशहरे की शुभकामनाएं दी।



---

**मुजफ्फरनगर। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान** ने दशहरे पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगे भी त्यौहार आ रहे हैं, ऐसे में हम सबको मिलजुल कर इन त्योहारों को मानना है। उन्होंने श्री राम सेवादल की पूरी कमेटी को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी।



## बहराइच:कतर्नियाघाट में तेंदुए के बाद अब बढ़ा हाथियों का आतंक

**बहराइच, 12 अक्टूबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के बहराइच ज़िले के कतर्नियाघाट वन क्षेत्र में तेंदुआ के साथ ही जंगली हाथियों का उत्पात काफी बढ़ गया है। शनिवार को साइकिल से भरथापुर गांव जा रहे एक युवक पर हाथी ने हमला कर उसे पटक दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुआ।